## हर्षिता विनय सिंह राजपूत बनी नगर परिषद में एल्डरमैन

# नगरीय प्रशासन ने जारी की सूची अमित तिवारी बबलू पंवार सहित चार को किया नियुक्त



**पीपुल्स प्रवक्ता खिरकिया।**

मप्र सरकार के द्वारा प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में एल्डरमैन की घोषणा की गई जिसमें नगर परिषद खिरकिया में भाजपा नेत्री श्रीमती हर्षिता विनय सिंह राजपूत की नियुक्ति की गई इसके अलावा अन्य तीन सदस्यों को भी एल्डरमैन बनाया गया है मालूम हो कि श्रीमती राजपूत पहले भी महिला मोर्चा में एवं विधायक प्रतिनिधि जैसी महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारिया निभा चुकी हैं फिलहाल एक बार पुन: पार्टी के नेतृत्व ने उन पर अपना विश्वास दिखाया है।

एल्डरमैन नियुक्त होने पर श्रीमती राजपूत के द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पूर्व मंत्री कमल पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी एवं शासन के द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगी नगर परिषद में विकास कार्यों शासन के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे एवं आम नागरिकों से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता से करना मेरी जवाबदारी रहेगी इस नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व सहित सांसद एवं केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा मंडल अध्यक्ष संजय यादव नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा एव समस्त भाजपा कायकर्ताओं के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई ।

# आप सभी के द्वारा प्राप्त स्नेह और सम्मान कल्पनीय और अभूतपूर्व है:आयोग अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह

## बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं वंदे मातरम् सामूहिक गायन का हुआ आयोजन, बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को लेकर कलाकारों ने दी अनेक प्रस्तुतियां

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

संस्कृति मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह स्थित सभागार में राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक विजय तिवारी, वंदना शर्मा,चंद्रवती शर्मा, नितिन खरे और टीम द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी साथ ही सामूहिक वंदे मातरम् गायन शिवानी जैन, डोली कटहरे, दीक्षा राय, नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, पथरिया जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, केन्द्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष साहित्यकार आनंद कुसुमरिया सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का अनेक सामाजिक और स्वेच्छिक संगठनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमें गायत्री परिवार, करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, विश्वकर्मा महिला मंडल, विश्व हिंदू परिषद, वूमेंस क्लब, स्वदेशी जागरण मंच, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता सहित अनेक प्रबुद्ध जनों ने नागरिक अभिनंदन किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित और मां सरस्वती की वंदना का गायन कर किया गया। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में यह बहुत ही उत्कृष्ट आयोजन है



बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को संवारने के लिए संस्था का सराहनीय प्रयास है आप सभी के द्वारा प्राप्त स्वागत सम्मान अकल्पनीय और अभूतपूर्व है इस हेतु में आप सभी का सदैव आभारी रहूंगा हमारे बुंदेलखंड की कला और संस्कृति अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है आयोजन के सूत्रधार कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बहुत ही शानदार आयोजन हुआ इसमें आज उपस्थित होकर आप सभी के दर्शनों का अवसर मिला है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि हम सभी मानवाधिकार आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का दमोह की पावन धरा पर स्वागत वंदन और अभिनंदन करते हैं एक लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है जो निश्चित रूप से अब आयोग के रूप में समाज को लाभान्वित करेगा बुंदेलखंड की कला और संस्कृति को लेकर छात्र सर्व कल्याण समिति निरंतर कार्य करती आ रही है सभी आयोजकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोच ने कहा कि सूर्य की तरह दिव्यमान व्यक्तित्व आज हम सभी के बीच में आया है मैं सर का संपूर्ण जिले वासियों की ओर से स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं। दुबे एवं केंद्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष आनंद कुसमरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किय। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों और सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक भूपेंद्र कुमार जैन ने किया, स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटैल ने प्रस्तुत किया।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर का उपार्जन कार्य हेतु 16 उपार्जन केन्द्र निर्धारित

**पीपुल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।** मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए चना और मसूर की खरीद के लिए 16 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गए है। इन केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा उपार्जन समिति/ संस्थाओं नर्मदाचल वि स संस्था मर्या नर्मदापुरम, वृ.से.स.समिति डोलरिया कांद्राखेडी, से.स.समिति बांकाखेडी, से.स.समिति खपरिया, वृ.से.स.समिति धामनिया, से.स.समिति भैरोपुर, से.स.समिति लोखरतलाई, वृ.से.स.समिति शिवपुर, से.स.स. झकलाय, वृ.से.स.समिति रमपुरा, से.स.समिति लोधडी, से.स.समिति भैंसादेह, आदिम जाति से.स.स. नंदरवाडा, से.स. समिति नर्मदांचल, कृ.से.स.समिति देवगांव पिपरिया एवं कृ.से.स.समिति खापरखेडा को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपार्जन से पहले गोदामों का भौतिक सत्यापन करें और सुनिश्चित करें कि वहां पहले से चना और मसूर का भंडारण न हो। तथा उपार्जन नीति में जारी दिशा निर्देशों अनुसार निर्धारित तिथि 30 मार्च 2026 से 28 मई 2026 तक उपार्जन कार्य सुनिश्चित कराएं।

## महावीर जयंती पर 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश, 31 मार्च को खुले रहेंगे कार्यालय

**पीपुल्स प्रवक्ताा बनखेड़ी।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों एवं जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला नर्मदापुरम में पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाश सूची में ÷महावीर जयंती÷ के उपलक्ष्य में दिनांक 30 मार्च 2026 को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि दिनांक 31 मार्च 2026 को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुली रहेंगी।

# छीपाबड़ थाना परिसर में मंदिर के कायाकल्प पर बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

## सुंदरकांड और भजन संध्या का हुआ भव्य आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता खिरकिया।**



छीपाबड़ थाना परिसर में सुंदरकांड और भजन संध्या का आयोजन किया गया । आयोजक रविंद्र दुआ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि थाना परिसर में स्थित मंदिर का कायाकल्प टी आई संतोष सिंह चौहान के द्वारा किया गया है जो अपने आप में एक अनुकरणीय पहल है ।


थाना प्रभारी श्री चौहान ने पूरे मंदिर परिसर को एक नया स्वरूप प्रदान किया है टाईल्स , सीलिग , स्टील फर्नीचर बाउंड्री वॉल जैसे कार्य जन सहयोग से थाना प्रभारी द्वारा कराए गए हैं । ऐतिहासिक मंदिर के नवनिर्माण के लिए संबंधित अधिकारी को धन्यवाद प्रेषित किया गया । सुंदरकांड का समापन हनुमान जी की आरती के साथ किया गया । भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत पूनम चंद गुप्ता , अंकित अवस्थी , पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह खरबड़िया , डॉक्टर बृज बिश्नोई राजेंद्र राठौर अनिल जैन महेश राठौर लालू जैन आशीष हेड़ा शुभम राठौड़ मोनू तिवारी नेहरू जाट सुनील नीलोसे सोनू तिवारी सुरेन्द्र आठनेरे नितिन गुप्ता अरुण पांडे आशीष अग्रवाल रॉबिन दुआ समेत बड़ी संख्या में नागरिक सुंदरकांड में उपस्थित थे । मंच संचालक अंकित अवस्थी ने कहा कि भाजपा नेता एवं युवा व्यवसायी रविंद्र दुआ धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन लगातार करते रहते हैं शहर के मंदिरों एवं चौक चौराहों पर धार्मिक अनुष्ठान लगातार उनके द्वारा आयोजित कराए जाते हैं जो अपने आप में एक प्रशंसनीय बात है ।

# सातवीं पुण्यतिथि पर स्व. सतीश चौहान को भावभीनी श्रद्धांजलि

**पीपुल्स प्रवक्ता दामजीपुरा।**

पूर्व विधायक भैंसदेही स्वर्गीय सतीश चौहान की सातवीं पुण्यतिथि पर दामजीपुरा सहित पूरे क्षेत्र में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जनसेवा, सरलता और समर्पण के प्रतीक रहे स्व. चौहान को लोगों ने भावुक होकर याद किया।

स्व. सतीश चौहान ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दी। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा, सड़क, पानी और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल को आज भी भैंसदेही और दामजीपुरा क्षेत्र के लोग स्वर्णिम समय के रूप में याद करते हैं। **जनता के दिलों में आज भी जीवित:** दामजीपुरा क्षेत्र में स्व. चौहान की एक अलग पहचान थी। वे केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले परिवार के सदस्य की तरह थे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर वे बिना किसी भेदभाव के तुरंत सहायता के लिए पहुंचते थे। यही कारण है कि आज भी उनके प्रति लोगों के मन में गहरी श्रद्धा और सम्मान है। **संस्कार और सीख बनी प्रेरणा:** पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवारजनों और समर्थकों ने भावुक शब्दों में उन्हें याद करते हुए कहा कि




उनके द्वारा दिए गए संस्कार और सीख आज भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। **पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन:** गृह ग्राम दामजीपुरा में आयोजित कार्यक्रम में स्व. चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रेरणादायी जीवनस्व. सतीश चौहान का जीवन समाज सेवा, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनके विचार और व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

## जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ रेलवे स्टेशन मास्टर श्री अनिल साहू की अध्यक्षता में प्रारंभ



**पीपुल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति बनखेड़ी के संयुक्त तत्वाधान में एवं जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन प्रांगण में जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत जल मंदिर प्याऊ मैं जल पत्रों की पूजा अर्चन कर रिबन काट कर रेलवे स्टेशन मास्टर श्री अनिल साहू द्वारा किया गया। इस मौके पर बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने बताया कि जल ही जीवन है इसे व्यर्थ ना गवाएं जल का संचयन करें बूंद बूंद पानी को सहेजे जल है तो कल है इस मौके पर उपस्थित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश नामदेव सदस्य अखिलेश राय जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था तुलसी समाज सेवा के अध्यक्ष तुलसीराम कहार परामर्शदाता मकरन सिह कुशवाहा गोविंद सिंह पटेल रितेश कुशवाहा श्रीमंत पटेल समाजसेवी देवेंद्र पटेल पवन पटेल सहित एमएसडब्ल्यू एब बीएसडब्लू के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया जिसकी नगर में प्रशंसा की जा रही है।

## टीम उम्मीद ने मातृ शक्ति के साथ मिलकर चलाया 21 वा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान



**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

बेलाताल अटल पार्क में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टीम उम्मीद मातृशक्ति के साथ टीम के सभी लोगो ने 21वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर टीम उम्मीद के सभी लोग सफ़ेद पोशाक में ही नजर आए। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल ने बताया शहर में लगातार स्वच्छता कार्यों के साथ 21 में स्वच्छता अभियान के अवसर पर सफ़ेद पोशाक के साथ स्वच्छता करने की ये अनोखी पहल की गई। स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस दौर में है दमोह शहर की नए स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस अवसर पर की गई। मातृशक्ति स्वच्छता अभियान में अपनी अहम् भूमिका निभा रही हैं। टीम में उनका शामिल होना अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक पहल है। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने सभी लोगों के साथ स्वच्छता पर लोगों को जागरुक करने के लिए और क्या-क्या प्रयास किये जायें।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला महिला का शव

## मायके पक्ष के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलैया मे सीताबाई पति बिहारी अहिरवार 32 ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतिका के पति ने बताया कि सीता बहुत दिनों से सीने में दर्द को लेकर परेशान थी उसका इलाज भी कराया लेकिन आराम नहीं मिला, शनिवार दोपहर जब घर में कोई नहीं था लगभग 3 बजे म्यारी में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। हम लोग जैसे ही घर पहुंचे तो फंदे पर तड़प रही थी तत्काल ही नीचे उतारा लेकिन थोडी देर के बाद मौत हो गई।

**मायके पक्ष के लोगों ने लगाए आरोप:** इधर मृतका सीताबाई की छोटी बहन कौशा और पार्वती अहिरवार सहित परिजनों ने सुसराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाये है उन्होंने कहा कि उनकी बहन सीताबाई अहिरवार की शादी 15 साल पहले हुई थी और तीन बच्चे भी हैं लेकिन मृतका का पति आए दिन शराब पीता था और मेरी बहन के साथ मारपीट करता था जब मेरी बहन अपने घर मायके



आती थी तब उसका पति शक करता था मृतका के फूफा देवकरण अहिरवार ने बताया मेरी भतीजी की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटका गया है पहले उसकी हत्या की गई है क्योंकि मृतका सीताबाई के गले में चोट के निशान थे जो उसके पति ने चूना लगाकर मिटाने का प्रयास किया है मृतका चार चार पांच पांच महीने अपने मायके में रहती थी क्योंकि उसका पति आए दिन मारपीट करता था और सुसराल वाले भी मृतका की मां ने बताया कि मेरी बेटी को हमेशा से परेशान किया जाता रहा है।थाने में कई बार शिकायतें की है साथ ही महिला थाने में भी मामला दर्ज है मायके पक्ष के लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की मायके पक्ष के आरोपों पर सुसराल वालों की और से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है घटना का वास्तविक कारण अभी अज्ञात है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी ने बताया कि पति के ब्यान के आधार पर धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही संपूर्ण मामले की बारीकी से जांच की जा रही हैं।

# शहीदों को अनूठी श्रद्धांजलि: आमला में उमड़ा देशभक्ति का ज्वार, 166 यूनिट रक्तदान

**पीपुल्स प्रवक्ता आमला।**

अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95वें शहीद दिवस पर रविवार को आमला में सेवा, संवेदना और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जन सेवा कल्याण समिति और बचपन प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 166 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। भीमनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में आयोजित इस रक्तदान महाकुंभ ने न केवल जीवन बचाने का संदेश दिया, बल्कि शहीदों और समाजसेवियों के प्रति भावनात्मक श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**'खून वाले बाबा' की स्मृति में भावुक क्षण:** यह शिविर स्वर्गीय पंकज उसरेठे (खून वाले बाबा) और स्वर्गीय शशि टिकारे की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सबसे भावुक पल तब आया जब



रक्तदाताओं को शहीदों के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान पत्र और ट्रॉफी भेंट की गई। न सम्मान पत्रों को पाकर कई युवाओं की आंखें नम हो गई और उनके चेहरे पर गर्व साफ झलक रहा था।**नारी शक्ति का जज्बा, 'रक्तवीरों' का सम्मान:** शिविर में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण रही। कई महिलाओं ने पहली बार रक्तदान कर झिझक तोड़ी और मानवता के लिए मिसाल पेश की। वहीं 20 से अधिक बार रक्तदान कर चुके अनुभवी 'रक्तवीरों' का भी विशेष सम्मान किया गया। युवाओं में सेवा भाव जीवित राहुल धेण्डे समिति अध्यक्ष राहुल धेण्डे ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि यह सीधे किसी को जीवन देता है। शहीद दिवस पर युवाओं की बड़ी भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी में देशभक्ति और सेवा भावना आज भी जीवित है। उपाध्यक्ष अनिल सोनपुरे और अमित यादव ने भी रक्तदाताओं के जज्बे को सलाम किया। **संकल्प रक्त की कमी से नहीं जाएगी किसी की जान:** समिति सदस्य सागर सिंह चौहान और नीरज बारसकर ने कहा कि संस्था का लक्ष्य क्षेत्र में रक्त की कमी से होने वाली मौतों को शून्य करना है। इसके लिए वॉलंटियर 24 घंटे जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। **जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह:** कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे, मनोज मालवे, विजेंद्र भावसार, जितेंद्र शर्मा और चंद्रशेखर सिंह चंदेल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। **इनका रहा विशेष योगदान:** इस आयोजन को सफल बनाने में कैलाश ठाकरे, नीरज बारसकर, आकाश जैन, चंद्रकिशोर टिकारे, डॉ. शिशिरकांत गुगनानी, भावेश मालवीय, रामानंद बेले, राजा राठौर, अजय गंगारे, अनिल सोनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।**बैतूल से आई मेडिकल टीम में डॉ. अंकिता सीते सहित अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर में मिलेगा जंगल सफारी का फुल पैकेज बाघ चीता के अलावा कई और जानवरों का बसेरा

## बाघ ही नहीं और भी बहुत कुछ है इस टाइगर रिजर्व में जो दूसरे टाइगर रिजर्व में नहीं जल्द बनाएं प्लान

**विशाल रजक**

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**

वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व की बात करें, तो इन दिनों चीतों के तीसरे घर और बाघों की बसाहट को लेकर चर्चा में है, लेकिन इस टाइगर रिजर्व की और भी खासियत है, जो आपको मध्य प्रदेश के दूसरे टाइगर रिजर्व में देखने नहीं मिलेगी. यहां आकर सिर्फ बाघों का दीदार नहीं और भी ऐसे जानवरों का दीदार हो सकता है, जो आपको दूसरी जगह देखने नहीं मिलेंगे. सबसे पहले तो यहां भारतीय भेड़िया का आसानी से दीदार हो सकता है, जो प्रदेश में दूसरी जगह नहीं है इसके अलावा यहां पर एक जगह चिंकारा लैंड कहलाती है, जहां बड़ी संख्या में चिंकारा यानि काले हिरण देखने मिल सकते हैं. वहीं दूसरी तरफ यहां एक गिद्धकोंच स्थान है, जहां



बड़ी संख्या में गिद्ध बसेरा करते हैं. इसके अलावा यहां पर लकड़बग्घे आसानी से देखने मिल जाते हैं टाइगर रिजर्व की बात करें, तो तीन जिलों में फैला ये मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है. पहले इसकी पहचान भारतीय भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के रूप में थी. यहां बाघ भी हुआ करते थे, लेकिन 2011 तक नौरादेही टाइगर रिजर्व पूरी तरह बाघ विहीन हो गया था. दमोह सागर और नरसिंहपुर में फैले टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किलोमीटर है. कोर एरिया 1414 वर्ग किमी और बफर जोन 925.12 वर्ग किमी है वैसे तो इसे 2023 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दे दिया गया. इसके पहले 1975 में इसे भारतीय भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के तौर पर वन्यजीव अभ्यारण्य बनाया गया था इसके बाद यहां 2018 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण योजना के तहत फिर से बाघों को बसाने के लिए बाघ किशन और बाघिन राधा को छोड़ा गया था. अब यहां बाघों की संख्या करीब 30 पहुंच चुकी है. खास बात ये है कि नौरादेही को कूनो और गांधी सागर अभ्यारण्य मंदसौर के बाद मध्य प्रदेश में चीतों के तीसरे घर के रूप में चुना गया है. जहां जुलाई माह में चीते छोड़े जाने की तैयारी चल रही है इन दिनों बाघों की बढ़ती संख्या और चीतों के आगमन को लेकर चर्चा में है, लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि नौरादेही टाइगर रिजर्व में ऐसे कई वन्यजीव है।